आज
19-2-26

पर्यावरण संरक्षणके लिए ग्रीन एनर्जीपर तेजीसे चल रहा काम-रामेन्द्र तिवारी

कोर का ७० वां रेल सप्ताह समारोह आयोजित, कर्मचारियोंको दिया गया प्रोत्साहन पुरस्कार



रेलवे मिशन रफ्तार में हाईस्पीड ट्रेनों को सुगमतासे चलाने पर काम कर रहा है। हम जो बिजली खर्च कर रहे हैं वो ग्रीन एनर्जी हो ताकि पर्यावरण संरक्षण हो सके। इस दिशा में भी तेजी से काम चल रहा है। यह विचार रेलवे बोर्ड के अपर सदस्य रेल विद्युतीकरण, रेलवे बोर्ड, नई दिल्ली रामेन्द्र कुमार तिवारी ने कोर मुख्यालय में आयोजित ७० वें रेल सप्ताह समारोह में बतौर मुख्य अतिथि व्यक्त किया। उन्होंने दीप जलाकर एवं देवी सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण करके कार्यक्रम की शुरुआत की। कर्मचारियों को सम्बोधित करते हुए उन्होंने कहा कि रेलवे का विद्युतीकरण भारत सरकार का मिशन एरिया रहा है। पहले एक दिन में एक किलोमीटर काम होता था, अब एक दिन में १२ से १३ किलोमीटर विद्युतीकरण का काम हो रहा है। यही कारण है कि रेल विद्युतीकरण का शत-प्रतिशत काम पूरा हो चुका है। उन्होंने कहा कि कोर के बिना विद्युतीकरण की परिकल्पना नहीं की जा सकती। कोर की तकनीकी मजबूती ने फ्रेट, लदान, वंदे भारत, अमृत भारत जैसी ट्रेनों के परिचालन हेतु पावर रिक्वायरमेन्ट के लिए आगे बढ़ाया है। १७००० आरकेएम के स्वीकृत ३७ हजार करोड़ के काम पाइप लाइन में हैं। गाड़ियों को द्रुत गति से चलाने के काम में रेलवे जुटा हुआ है। दो गुणा २५ केवी एसओआर बनाने का काम भी प्रस्तावित है। उन्होंने कहा कि विद्युतीकरण, कम खर्च में द्रुत गतिमय गाड़ी चलाने के साथ ग्रीन एनर्जी पर काम चल रहा है। कोर के कर्मचारियों का आह्वान करते हुए कहा कि आप लोग अधिक दायित्व के साथ काम करने के लिए तैयार रहें और तकनीकी जानकारी को आगे बढ़ाते हुए रेलवे को आगे बढ़ायें। अपर सदस्य रामेन्द्र कुमार तिवारी ने उप मुख्य विद्युत अभियंता कल्याण सिंह को रेल सप्ताह पुरस्कार से सम्मानित किया। साथ ही कई अन्य कर्मचारियों को विशेष प्रोत्साहन पुरस्कार प्रदान किया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शुरुआत गणेश वन्दना से हुयी।

इसके बाद कलाकारों ने चला चली सखिया, उतारी ढेड़िया गीत पर ढेड़िया नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति दी। इसी क्रम में हरे रामा भीजत मोरि चुनरिया गीत पर कजरी लोकनृत्य और कलाकार रौशन पाण्डेय ने फिल्मी गीतों की प्रस्तुति से समां बांध दिया अंत में संस्था द थर्ड बेल की प्रभावशाली प्रस्तुति नाटक 'मौसम' ने दर्शकों के हृदय को गहरायी से स्पर्श किया।रेल मंत्रालय के सहयोग से वरिष्ठ रंग निर्देशक आलोक नायर द्वारा परिकल्पित एवं निर्देशित तथा वरुण कुमार द्वारा लिखित इस नाटक ने सामाजिक जीवन के विविध पक्षों को उजागर किया। कार्यक्रम का संचालन रितिका अवस्थी ने किया।

हिन्दुस्तान 19.2.26



कोर में आयोजित 70वें रेल सप्ताह समारोह में बुधवार को लोकनृत्यों की शानदार प्रस्तुति दी गई। • हिन्दुस्तान

रेल सप्ताह समारोह में नृत्य-नाटक की प्रस्तुति

प्रयागराज, वरिष्ठ संवाददाता। केंद्रीय रेल विद्युतीकरण संगठन (कोर) परिसर में बुधवार को 70वें रेल सप्ताह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें नाटक और नृत्य की प्रस्तुति ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया। मुख्य अतिथि कोर के पूर्व महाप्रबंधक व अपर सदस्य रेलवे बोर्ड रामेंद्र तिवारी ने कहा कि रेलवे में 100 प्रतिशत विद्युतीकरण हो चुका है। इस अवसर पर उन्होंने उप मुख्य बिजली इंजीनियर कल्याण सिंह को विशिष्ट सेवा पुरस्कार से पुरस्कृत किया। इस दौरान संस्था थर्ड बेल की ओर से नाटक 'मौसम' की प्रभावशाली प्रस्तुति ने दर्शकों के दिल को छू लिया। कलाकारों में चंकी बच्चन, शालिनी मिश्रा, आलोक नायर, ऋतिका अवस्थी, शैलेश श्रीवास्तव एवं डॉक्टर रामा मंत्रोस के अभिनय को दर्शकों ने खूब सराहा। मंच सज्जा एवं प्रस्तुति संयोजन निमिष गुप्ता ने किया, जबकि प्रकाश संयोजन जतिन कुमार और ध्वनि संयोजन रवींद्र वर्मा ने संभाला।

- पायोनीयर प्रयागराज
19/2/26

कोर, में विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार का आयोजन

अपर सदस्य रेल विद्युतीकरण रामेन्द्र कुमार तिवारी/रेलवे बोर्ड/नई दिल्ली की रही गरिमामयी उपस्थिती



प्रयागराज। केन्द्रीय रेल विद्युतीकरण संगठन, प्रयागराज द्वारा बुधवार को उत्कृष्ट कार्य के लिए विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार का आयोजन कार्यालय प्रांगण में अपर सदस्य रेल विद्युतीकरण, रामेन्द्र कुमार तिवारी/रेलवे बोर्ड/ नई दिल्ली की गरिमामयी उपस्थिती में आयोजित किया गया।

उत्कृष्ट कार्य हेतु विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार कल्याण सिंह/उप मुख्य विद्युत अभियन्ता/कोर को अपर सदस्य द्वारा विशिष्ट प्रशस्ति पत्र एवं मोमेंटो प्रदान किया गया। तत्पश्चात भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें मुख्यालय एवं परियोजना से बड़ी संख्या में अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

चेतना विचार धारा 14.2.26



कोर के उपमुख्य विद्युत अभियंता कल्याण सिंह विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार से सम्मानित

प्रयागराज। केन्द्रीय रेल विद्युतीकरण संगठन, प्रयागराज द्वारा बुधवार को उत्कृष्ट कार्य के लिए विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार का आयोजन कार्यालय प्रांगण में अपर सदस्य रेल विद्युतीकरण रामेन्द्र कुमार तिवारी/रेलवे बोर्ड/नई दिल्ली की गरिमामयी उपस्थिती में आयोजित किया गया।

उत्कृष्ट कार्य हेतु विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार कल्याण सिंह/उप मुख्य विद्युत अभियन्ता/कोर को अपर सदस्य द्वारा विशिष्ट प्रशस्ति पत्र एवं मोमेंटो प्रदान किया गया। तत्पश्चात भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें मुख्यालय एवं परियोजना से बड़ी संख्या में अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।